Email Id-
cdr_balrampur@yahoo.com

Mobile. No.
9151919684

# उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,

## खण्ड कार्यालय, बलरामपुर

झारखण्डी रेलवे स्टेशन रोड, निकट निदान अस्पताल, मोतीसागर (तुलसीपार्क), बलरामपुर

पत्रांकः 1204 / / M-15 / 535 दिनांकः 15/7/2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
लखनऊ।

**विषयः दैनिक भास्कर समाचार पत्र में दिनांकः 15.07.2026 को प्रकाशित समाचार " एक माह से बंद जल जीवन मिशन की पानी टंकी, चार हजार ग्रामीण पेयजल को तरसें" शीर्षक के सम्बन्ध में आख्या प्रेषण।**

महोदय,


उपरोक्त विषयक दैनिक भास्कर समाचार पत्र में दिनांकः 15.07.2026 को प्रकाशित समाचार " एक माह से बंद जल जीवन मिशन की पानी टंकी, चार हजार ग्रामीण पेयजल को तरसे" शीर्षक के सम्बन्ध में आप द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में जांच आख्या निम्नवत् है–


| क0 सं0 | बिन्दु | आख्या |
|---|---|---|
| 01 | विकास खण्ड पचपेड़वा अंतर्गत ग्राम पंचायत बीरपुर सेमरा में वर्ष 2024 में जल जीवन मिशन के तहत निर्मित पेयजल योजना की पानी की टंकी पिछले एक माह से बंद पड़ी है। इससे बीरपुर, सेमरा और कुकुरभुक्वा गांवों के लगभग 4,000 ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल नहीं मिल पा रहा है। मजबूरी में लोग हैंडपंपों व अन्य स्रोतों से गंदा पानी पीने को विवश हैं, जिससे जलजनित बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।<br>ग्रामीणों का कहना है कि योजना शुरू होने के बाद नियमित रूप से घर–घर स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति होती थी, लेकिन पिछले एक महीने से सप्लाई पूरी तरह ठप है। कई बार संबंधित अधिकारियों को सूचना देने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो सका। बरसात के मौसम में दूषित पानी के सेवन से डायरिया, टाइफाइड समेत अन्य संक्रामक बीमारियों की आशंका बढ़ गई है। ग्रामीण मो. नसीम, प्रदीप कुमार यादव, इमरान खान, बब्लू बाल्मीकि, संतोष कुमार बाल्मीकि, सलीम अख्तर सहित अन्य लोगों ने विभाग से तत्काल खराबी दूर कर जलापूर्ति बहाल करने की मांग की है। उनका कहना है कि सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना का लाभ पिछले एक महीने से ग्रामीणों को नहीं मिल रहा है, जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।<br>ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मामले का संज्ञान लेकर शीघ्र मरम्मत कार्य पूरा कराने और तीनों गांवों में नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि हजारों लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके। | जनपद–बलरामपुर में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत कार्यदायी फर्म मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो लि0 द्वारा 199 नग पाइप पेयजल योजनाएं आवंटित हैं, जिसमें विकास खण्ड पचपेड़वा के ग्राम पंचायत वीरपुर सेमरा को पेयजल योजना से आच्छादित किया जाना है। वीरपुर सेमरा पेयजल योजना पर वर्तमान तक फर्म द्वारा किये गये कार्यों की स्थिति निम्नवत् है–<br>1. ग्राम पंचायत का नाम– वीरपुर सेमरा<br>कुल सम्मिलित राजस्व ग्राम– 02<br>2. कुल हाउस कनेक्शन की संख्या– 220<br>पूर्ण किये गये हाउस कनेक्शन की संख्या–323<br>3. ट्यूबवेल– शत प्रतिशत पूर्ण<br>4. पम्प हाउस– शत प्रतिशत पूर्ण<br>5. सोलर पैनल अधिष्ठापन – शत प्रतिशत पूर्ण<br>6. अवर जलाशय –(100कि0ली0 / 12 मी0) शत प्रतिशत<br>7. वितरण प्रणाली–<br>कुल लम्बाई– 4.6 कि0मी0<br>पूर्ण – 6.16 कि0मी0<br>8. बाउण्ड्रीवाल– 100 प्रतिशत पूर्ण<br>9. मार्ग पुनर्स्थापना का कार्य – शत प्रतिशत पूर्ण<br>वीरपुर सेमरा पेयजल योजना के अन्तर्गत वीरपुर, सेमरा एवं कुकुभुरवा 03 नग राजस्व ग्राम को जलापूर्ति की जा रही थी। जूनियर इंजीनियर श्री आशीष यादव द्वारा पेयजल योजना का निरीक्षण कर अवगत कराया गया कि योजना का मोटर खराब होने के कारण एक माह से जलापूर्ति बाधित है। सम्बन्धित फर्म द्वारा मोटर की मरम्मत 01 सप्ताह के अन्दर कराकर जलापूर्ति प्रारम्भ करा दी जायेगी। |

भवदीय

(सुरेन्द्र कुमार)
**अधिशासी अभियन्ता**

Scanned by Camera Scanner




फोटोग्राफ्स–संलग्नक 01(ग्राम पंचायत वीरपुर सेमरा, वि0ख0 पचपेड़वा, जनपद–बलरामपुर)

Scanned by Camera Scanner